भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1159
जिसका उत्तर बुधवार 26 जुलाई, 2017 को दिया जाना है

स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड का विनिवेश

1159. श्री महेश पोद्दार:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड में अपनी 100 प्रतिशत इक्विटी का विनिवेश करने को तैयार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस प्रकार के लोक उद्यम को पुनरुज्जीवित करने हेतु कदम उठा रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): जी, हां। भारत सरकार स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड में 100% शेयरधारिता का विनिवेश करने का इरादा रखती है।

(ख): आर्थिक कार्यों संबंधी मंत्रिमंडल समिति ने दो स्तरीय नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से पता लगाए गए रणनीतिक क्रेता को भारत सरकार की 100% शेयरधारिता का विनिवेश करने का अनुमोदन किया है।

(ग) और (घ): वर्तमान में ऐसे किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा रहा है।

****